# MSME के लिये पारस्परिक ऋण गारंटी योजना

स्रोत: पी.आई.बी.

**भारत सरकार** ने **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSME)** के लिये **म्यूचुअल क्रेडिट अथवा पारस्परिक ऋण गारंटी योजना (MCGS-MSME)** की शुरूआत को स्वीकृति दे दी है।

## MCGS-MSME क्या है?


- **परिचय:** यह एक ऐसी पहल जिसके अंतर्गत **ऋणदाताओं द्वारा अनुभव किये जाने वाले जोखिम को कम कर** MSME को दिये जाने वाले ऋण के लिये **गारंटी** प्रदान करते हुए उनके लिये (MSME) **ऋण प्राप्ति को सुविधाजनक** बनाया जाएगा।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **लक्ष्यित उधारकर्त्ता:** वैध उद्यम पंजीकरण संख्या वाले MSME।
  - **ऋण सीमा: उपकरण/मशीनरी** की खरीद के लिये अधिकतम **100 करोड़ रुपए का ऋण।**
  - **ऋण गारंटी: राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यासी कंपनी लिमिटेड (NCGTC)** द्वारा **सदस्य ऋण संस्थानों (MLI) को ऋण का 60% गारंटी** कवरेज प्रदान किया जाएगा।
  - **परियोजना लागत:** उपकरण/मशीनरी की न्यूनतम लागत परियोजना लागत का 75% है।
  - **योजना अवधि:** 4 वर्ष की अवधि के लिये अथवा **7 लाख करोड़ रुपए की संचयी गारंटी** जारी होने तक, जो भी पहले हो।
- **महत्त्व:**
  - **विनिर्माण को बढ़ावा:** इससे **MSME के लिये ऋण उपलब्धता बढ़ेगी**, जिनका **भारत के** सकल घरेलू उत्पाद में 17% का योगदान है।
  - **मेक इन इंडिया के लिये समर्थन: यह GDP में** विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को **25% तक** बढ़ाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है।
  - **ऋण प्राप्ति:** इस पहल के अंतर्गत MSME के विस्तार के लिये **संपार्श्विक-मुक्त ऋण** की सुविधा प्रदान की जाएगी।
  - **रोज़गार वृद्धि: 27 मिलियन से अधिक लोगों को रोज़गार के साथ** इससे विनिर्माण क्षेत्र में रोज़गार के महत्त्वपूर्ण अवसर सृजित होंगे।

**नोट:** MLI का तात्पर्य उन सभी **अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (SCB)**, **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC)** **और** **अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों (AIFI)** से है, जिन्होंने योजना के तहत NCGTC के साथ पंजीकरण कराया है।

## राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यासी कंपनी लिमिटेड (NCGTC) क्या है?

- **परिचय:** NCGTC एक **उभयनिष्ठ न्यासी कंपनी** है जो **विभिन्न ऋण गारंटी न्यास निधियों** का प्रबंधन और संचालन करती है, ताकि उधारकर्त्ताओं को उधारदाताओं के साथ **उधार जोखिम साझा** कर वित्त प्राप्ति में सहायता प्रदान की जा सके।
  - यह **MSME, स्टार्टअप और सुभेद्य समूहों** जैसे वंचित क्षेत्रों में **ऋण विस्तार को प्रोत्साहित** करते हुए ऋणदाताओं (जैसे **बैंक और वित्तीय संस्थान) को ऋण गारंटी प्रदान करता है**।
- **स्थापना:** इसकी स्थापना **मार्च 2014** में **कंपनी अधिनियम, 1956** के तहत **10 करोड़ रुपए** की चुकता पूंजी के साथ की गई थी।
  - यह एक **निजी लिमिटेड कंपनी** है जिस पर **पूर्णतः भारत सरकार का स्वामित्व है** तथा यह **वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के अधीन संचालन करती है।**
- **कवरेज:** NCGTC वर्तमान में **MCGS-MSME**, **माइक्रो यूनिट्स हेतु क्रेडिट गारंटी फंड (CGFMU)**, **इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ECLGS)** सहित **14 समर्पित ऋण गारंटी ट्रस्ट योजनाओं का प्रबंधन करती है।**

//




## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***?????????:***

**प्रश्न. विनिर्माण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार की हाल की नीतिगत पहल क्या है/हैं? (2012)**

1. राष्ट्रीय निवेश और विनिर्माण क्षेत्र की स्थापना
2. 'सिंगल विंडो क्लीयरेंस' का लाभ प्रदान करना
3. प्रौद्योगिकी अधिग्रहण और विकास कोष की स्थापना

**नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mutual-credit-guarantee-scheme-for-msme